कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 07/12/2024

प्रेस विज्ञप्ति
गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय गणित सप्ताह का समापन
गणित जीवन का मूल है- डॉ. राजेश पाण्डेय

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डॉ. राजेश पाण्डेय, अपर संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग जो स्वयं गणित के विद्वान प्राध्यापक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग की प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर ने की।

मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि गणित जीवन का मूल है। ब्रम्हाण्ड की अवधारणा शून्य से आरंभ होती है। छात्राओ को प्रेरित करते हुये उनहोनें कहा कि वर्तमान समय इनोवेशन का है। आप सभी शोध परक कार्यों पर ध्यान दे उन्होनें छोटे-छोटे किस्सों के माध्यम गणित की संख्याओं का महत्व बाताया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने आशीर्वचन देते हुये कहा कि गणित जैसे कठिन विषय को इस आयोजन के माध्यम से मनोरंजक तरीके से समझने में आसानी हुई है। छात्राओं ने उत्सापूर्वक सभी प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। उन्होनें कहा शून्य जग किसी संख्या के साथ जुड़ता है तो बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. ऋचा ठाकुर ने गणित और संगीत के आंतरिक संबंध को गिनती के माध्यम से बताया।

गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा चौहान ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी दी। विजेता छात्राओं को राशि एवं प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 65 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम ओम देवी, द्वितीय ईशा साहू एवं तृतीय भूमिका देवांगन रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम-डॉली देशमुख, द्वितीय विनीता बघेल एवं तृतीय स्थान पर चंचल रही। गणित ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम रिंकी ठाकुर, द्वितीय निहारिका एवं तृतीय स्थान पर अनिता वैद्य रही।

इस आयोजन में एक दिन छात्राओं को श्री रामानुजम की जीवनी पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म भी दिखाई गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. सुमन सिंह एवं डॉ. मोनिका देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुजा चौहान एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मोनिका देवांगन ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)